सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 336 | इंदौर, शनिवार 21 जून, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## बात मुद्दे की...

### इंटेलीजेंस में MICE का कॉन्सेप्ट होता है

सोवियत रूस ने इसी से दुनिया भर में वामपंथ फैलाया और आज इसे चीन चलाता है।

**M** से मतलब होता है मनी कि जो बिकता है उसे खरीद लो।

**I** से होता है कि जो आइडियोलॉजी वाला है उसे अपनी आइडियोलॉजी पकड़ा दो।

**C** से मतलब होता है Coercion या कोम्प्रोमाईज़ कि किसी को ब्लैकमेल करो जैसे हनी ट्रेप आदि होता है।

**E** से मतलब होता है कि उसके EGO पर हमला करो कि तू इतना सही बोल रहा है और तुझे सुना नही जा रहा, या तेरी इंसल्ट हो गयी और तू चुप है, या अब तू ही है जो चीजें सुधार सकता है, बाकी सारी उम्मीद खत्म हो चुकी है।

इन चार पैंतरों से ही सोवियत ने अपने लोग दुनिया भर में बनाये और इसके लिए इस्तेमाल किया उस देश का एजुकेशन सिस्टम।

# 'तनाव से गुजर रही पूरी दुनिया के लिए योग एक पॉज बटन...'

## इंटरनेशनल योग दिवस पर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में हैं. वे यहां पर योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हैं. पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोलते हुए पिछले एक दशक में योग की वैश्विक यात्रा का जिक्र किया. उन्होंने उस ऐतिहासिक लम्हे को याद किया, जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव रखा था. बहुत कम वक्त में 175 देश भारत के साथ खड़े हो गए.**

प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज की दुनिया में ऐसा समर्थन सामान्य घटना नहीं है. ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन भर नहीं था, ये मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था.'

नरेंद्र मोदी ने कहा, 'दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है. कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है. ऐसे में योग से




हमें शांति की दिशा मिलती है. योग एक ऐसा पॉज बटन है, जिसकी मानवता को संतुलन की सांस लेने और फिर से नियंत्रण पाने की जरूरत है. आइए इस योग दिवस को मानवता के लिए ओम को खोजने के लिए योग की शुरुआत के रूप में चिह्नित करें, जहां आंतरिक शांति समग्र शांति का मार्ग बन जाती है.'

उन्होंने आगे कहा, 'आज 11 साल बाद हम देख रहे हैं कि योग दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है. मुझे गर्व होता है, जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी योग शास्त्र पढ़ते हैं. वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं.'

### 'भारत योग के साइंस को...'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में योग के प्रसार के लिए भारत योग के साइंस को आधुनिक रिसर्च से और ज्यादा सशक्त कर रहा है. देश के बड़े-बड़े मेडिकल संस्थान योग पर रिसर्च पर जुटे हैं. योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान मिले, ये हमारा प्रयास है.

उन्होंने आगे कहा कि आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं. एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए. जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए. जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो. जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने और जहां 'Yoga For One Earth, One Health' एक वैश्विक संकल्प बन जाए.



# महू क्षेत्र के जलप्रपातों व एकांत पर्यटन स्थलों पर आम जनता के प्रवेश पर प्रतिबंध

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से महू तहसील अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों पर आमजन के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है।**

यह प्रतिबंध तिंछा फॉल, चोरल फॉल, चोरल डेम, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मेहंदी कुण्ड, जामन्या कुण्ड, मोहाडी फॉल, रतबी वॉटरफॉल, लोहिया कुण्ड, जूनापानी, चिड़िया भड़क, बामनिया कुण्ड, जोगी भड़क, हत्यारी खो आदि जैसे जलप्रपातों एवं एकांत पर्यटन स्थलों पर लागू होगा। श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उक्त स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाएं एवं जहाँ आवश्यक हो वहाँ भौतिक सीमाएं भी निर्धारित करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित थाना प्रभारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराना होगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस, प्रशासनिक व सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा तथा यह अन्य सभी लागू नियमों के अतिरिक्त प्रभावशील रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को मिलेगी नई गति

# स्कूल-कॉलेज होंगे केंद्र, 101 स्कूलों को किया गया तंबाकू मुक्त घोषित

◆ स्कूल और कॉलेज में नशा मुक्ति कमेटियों का गठन किया जाएगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में न केवल जनजागरूकता गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा, बल्कि तंबाकू नियंत्रण को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। अब स्कूलों, कॉलेजों, कॉलोनियों और गांवों में विशेष रूप से जागरूकता और निगरानी की गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।

यह निर्णय कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक में जिले में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि इंदौर में तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत अभिनव पहल करते हुए अब तक 101 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। इस कार्य को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### सामाजिक सहभागिता पर विशेष जोर

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सके। साथ ही चिन्हित कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्त गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएंगी। बैठक में मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ आर्गेनाईजेशन के मुकेश सिन्हा ने संस्था द्वारा नशा मुक्ति के क्षेत्र में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

### शैक्षणिक संस्थानों में होगी विशेष पहल

अभियान के अगले चरण में स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति कमेटियों का गठन किया जाएगा। शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें समाज में जागरूकता लाने के लिए सक्षम बनाया जाएगा।

# युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले 24 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक बॉबी यादव टाइल्स लगाने का काम करता था। परिजनों का आरोप है कि कुछ दिन पहले एक युवक से हुए विवाद के बाद उसे लगातार धमकियां मिल रही थीं। घटना गुरुवार शाम की है। विकास नगर निवासी बॉबी (पुत्र राजेश यादव) का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। पिता राजेश यादव ने बताया कि गुरुवार को काम न होने के कारण बॉबी घर लौट आया था और दोपहर बाद अपने कमरे में सोने चला गया। जब देर शाम तक वह बाहर नहीं निकला तो उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा, जहां बॉबी फांसी पर लटका हुआ मिला। परिजन तुरंत उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता राजेश यादव ने पुलिस को बताया कि बॉबी उनका इकलौता बेटा था। उनके एक बेटे की हत्या पहले ही 2021 में हो चुकी है।

# खतरनाक मल्टियों को निगम ने भेजे नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की वर्षों पुरानी खतरनाक मल्टियों को लेकर नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। एसजीएसआईटीएस रोड की दो बिल्डिंगों विमल और विनय को हाल ही में नोटिस जारी किए गए, जिसके बाद रहवासी संघ ने तुरंत सुधार कार्य शुरू करवा दिए हैं। इन बिल्डिंगों के कुछ हिस्से इतने खस्ताहाल हो चुके थे कि आए दिन गैलरी की छतें और दीवारें गिर रही थीं। जनहानि की आशंका को देखते हुए निगम को इनकी स्थिति को लेकर कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं।**

नगर निगम अधिकारी पीएस कुशवाह ने बताया कि बिल्डिंगों की खराब हालत को देखते हुए निगम द्वारा रहवासी संघ को नोटिस थमाए गए हैं और स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खतरनाक हिस्सों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। निगम ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि मरम्मत कार्य समय पर नहीं हुआ तो निगम स्वयं कार्रवाई करेगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए रहवासी संघ ने अब सुधार कार्य आरंभ कर दिए हैं और इस संबंध में निगम अधिकारियों से बैठक भी की गई है। रहवासी संघ द्वारा किए जा रहे सुधार कार्यों की प्रगति की निगरानी निगम की टीम करेगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद निगम अधिकारी फिर से मौके पर निरीक्षण करेंगे और तभी अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि बिल्डिंग को रहवासी उपयोग के लिए सुरक्षित घोषित किया जा सकता है या नहीं। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बिल्डिंग के कुछ हिस्से अत्यधिक जर्जर हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर निगम अब केवल एसजीएसआईटीएस रोड तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के मध्य क्षेत्र की अन्य वर्षों पुरानी मल्टियों की भी जांच कर रहा है। माणिकबाग रोड, इतवारिया, मल्हारगंज, जिंसी और अन्य क्षेत्रों में स्थित पुरानी और जर्जर बिल्डिंगों की पहचान की जा रही है। कई मल्टियों की हालत चिंताजनक है और आने वाले दिनों में इन्हें भी नोटिस थमाए जाएंगे, ताकि समय रहते जरूरी सुरक्षा उपाय किए जा सकें।



### इंदौर के राजबाड़ा पर योग कार्यक्रम

# सिंधिया ने कहा-योग के क्षेत्र में भी इंदौर इतिहास रच रहा, पेड़ लगाने की अपील







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। योग के क्षेत्र में भी इंदौर इतिहास रच रहा है। यह बात केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजबाड़ा में आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग योग करने पहुंचे हैं। सिंधिया ने योग का महत्व बताते हुए सभी को एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन देता है। ऑक्सीजन मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है।**

मप्र के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि योग हमारी परंपरा है। ऋषियों का महाप्रताप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वसुधैव कुटुम्बकम (सारा विश्व एक परिवार) कहते हैं। हमारे देश के ऋषि-मनीषियों का प्रचार उन्होंने दुनिया में किया है। उन्होंने कहा कि योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। योग के सभी चरण मनुष्य के कल्याण के लिए हैं। योग के माध्यम से विश्व के कल्याण की भावना को सार्थक कर रहे हैं।

विजयवर्गीय ने कहा कि यह विश्व के कल्याण के लिए बहुत ही अच्छा मार्ग है। इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद देना चाहिए। राजबाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद हैं। राजबाड़ा में यह कार्यक्रम योग के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें बताया है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। सामूहिक योग प्रदर्शन के लिए आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा।

### माइक बंद होने पर उठे कलेक्टर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान कुछ देर के लिए बिजली गड़बड़ी के कारण आवाज आना बंद हो गई। इस पर कलेक्टर आशीष सिंह ने उठकर टेक्निकल टीम से बात की और तुरंत आवाज शुरू हो गई।

### गोपुर चौराहा पर हजारों नागरिकों के साथ हुआ भव्य योग अभ्यास

उधर, गोपुर चौराहा मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेयर पुष्यमित्र भार्गव और अभिनेत्री अदा शर्मा ने मंच साझा किया और योग अभ्यास किया। रिमझिम के बीच आयोजित इस योग सत्र में हजारों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शुरुआत अभिनेत्री अदा शर्मा द्वारा किए गए काल भैरव अष्टक के वाचन से हुई। इसके बाद सभी अतिथियों और नागरिकों ने ऊं उच्चारण के साथ सामूहिक योग किया। बारिश के बावजूद नागरिकों में उत्साह बना रहा और योगाभ्यास की पूरी श्रृंखला मन, वाणी और शरीर को एकाकार करने का उदाहरण बनी।

इस मौके पर मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज भारत की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया का उत्सव बन चुका है। इंदौर जैसे शहरों में इस स्तर पर नागरिकों की भागीदारी प्रेरणादायी है। योग आत्मा और शरीर के संतुलन का माध्यम है और यह अनुशासन हमारी संस्कृति का गौरव है।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर नगर निगम और मेयर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा चलाया गया योग मित्र अभियान देशभर में मिसाल बन रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं, यह एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो मन को शांत और जीवन को सशक्त बनाता है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने जानकारी दी शहर के 85 वार्डों में प्रतिदिन योग अभ्यास करवाने हेतु प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। 'योग मित्र अभियान' से लाखों नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि स्वच्छता की तरह योग में भी इंदौर देश में प्रथम स्थान प्राप्त करे। योग मित्र अभियान ने इंदौर को केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में भी एक अग्रणी शहर बना दिया है।अब इंदौर स्वच्छता की राजधानी के साथ-साथ योग की भी राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, योग प्रशिक्षकगण एवं हजारों नागरिकों की भागीदारी रही।



# वन ग्रामों में सर्वे कराएंगे, जो छूट गए हैं उन्हें भी देंगे पट्टे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## वन विभाग अपनी आय बढ़ाने के लिए करें प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन ग्रामों में भी पट्टे दिए जाएंगे। वन ग्रामों में सर्वे करवाया जायेगा और जो पात्र व्यक्ति छूट गए हैं उन्हें भी ससम्मान पट्टे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सघन वन मध्यप्रदेश की पहचान है इसलिए वन विभाग प्रदेश की बेजोड़ सघन वन सम्पदा एवं वन्य जीव पर्यटन सुविधाओं में और अधिक विस्तार कर अपनी स्थायी आय के साधन बढ़ाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।**

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बाघ का दिखाई देना है, जो वन विभाग की आय का प्रमुख साधन भी है। बफर एरिया में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करें और विशेषज्ञों की सेवाएं लें। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ वन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गुजरात के वनतारा जाएं, उनका वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर देखें और मध्यप्रदेश में भी ऐसे ही बड़े रेस्क्यू सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर गहनता से अध्ययन करें। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, पीसीसीएफ असीम श्रीवास्तव, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### प्रदेश के वन आवरण में 1390 वर्ग किमी की हुई वृद्धि

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2003 से वर्ष 2023 के दौरान सरकार की वन मित्र नीतियों के कारण मध्यप्रदेश के वन आवरण में कुल 1390 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। वन राजस्व संग्रहण के लक्ष्य 1650 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध गत वित्त वर्ष में 1646.07 करोड़ रुपये राजस्व आय दर्ज की गई है। इसमें से वन समितियों को 189.82 करोड़ का लाभांश भी बांटा गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में 1700 करोड़ रुपये वन राजस्व आय का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में वन विभाग द्वारा 5.67 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इसी दौरान प्रदेश में राष्ट्रीय बांस मिशन योजनांतर्गत 7360 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस रोपण भी किया गया है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ वनकर्मियों का करेंगे सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थापना वाले वनधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौष्टिक आहार भत्ता एवं विशेष भत्ता आदि देकर उनका सम्मान किया जाएगा। साथ ही वन सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले वनकर्मियों को आउट आफ टर्न प्रमोशन देने पर भी वन विभाग विचार कर प्रस्ताव दें।

### देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में तीन मध्यप्रदेश के

अपर मुख्य सचिव वन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी टाइगर रिजर्व की ग्रेडिंग की गई थी। देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में से तीन मध्यप्रदेश की पावन धरा पर स्थित हैं। यह प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि गत वित्त वर्ष में देश में 1.67 लाख से अधिक वन पर्यटक टाइगर रिजर्व में आए। इनमें से 80 हजार से अधिक वन पर्यटक मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व में आए। उल्लेखनीय मध्यप्रदेश में वर्तमान में 9 टाइगर रिजर्व संचालित हैं। सागर जिले में 258.64 वर्ग कि.मी. वन क्षेत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभयारण्य की स्थापना की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

## जमानत पर छूटे रेप के आरोपी की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** 9 जून को खेत में संदिग्ध हालत में युवक की मौत के मामले में गुरुवार को पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। युवक की हत्या चार साल पुराने रेप केस से जुड़ी रंजिश में की गई। युवक पर एक महिला ने रेप का केस दर्ज कराया था। वह चार महीने जेल में रहा और फिर जमानत पर बाहर आया। इसके बाद पीड़ित महिला के पति ने उसकी हत्या की साजिश रची। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए में उसकी हत्या की सुपारी दी। आरोपियों ने उसे खेत में जबरन जहरीली दवाई पिलाई। विरोध करने पर गला घोंटकर मार डाला। एसपी अमित तोलानी ने बताया कि पुलिस ने हत्या की साजिश रचने से लेकर उसे अंजाम देने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक की पहचान भूरालाल तंवर के रूप में हुई। पीड़िता के पति ने हत्या के लिए बीरम राव और उसके तीन बेटे दिनेश, राजेश और महेश को डेढ़ लाख रुपए में सुपारी दी।

## फांसी की सजा बदलकर 25 साल कारावास दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर/खंडवा।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 4 साल की बच्ची के साथ रेप के दोषी को राहत दी है। हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने उसकी फांसी की सजा को 25 साल की सजा में बदल दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस देवनारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने कहा, 'दोषी निरक्षर और आदिवासी है। बचपन में उसे अच्छी शिक्षा नहीं मिली, जिसके चलते उसने यह अपराध किया था। मामला खंडवा जिले में 30 और 31 अक्टूबर 2022 की दरमियानी रात का है। 4 साल की बच्ची अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान परिजन उठे तो वह बिस्तर पर नहीं दिखी। तलाश करने पर बच्ची घर के पास बने आम के बगीचे में मरणासन्न हालत में मिली। खंडवा में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया था। पुलिस ने आरोपी राजकुमार को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। अप्रैल 2023 में ट्रायल कोर्ट ने बच्ची के साथ रेप और हत्या के प्रयास के आरोप को सही पाते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई थी।



# संपादकीय

## भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ा

संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके।

### अर्ज़ किया है..!


आँख पर पट्टी रहे और अक़्ल पर ताला रहे,
अपने शाहे-वक्त का यूँ मर्तबा आला रहे.!!

देखने को दे उन्हें अल्लाह कंप्यूटर की आँख,
सोचने को कोई बाबा बाल्टी वाला रहे.!!

तालिबे शोहरत हैं कैसे भी मिले मिलती रहे,
आए दिन अख़बार में प्रतिभूति घोटाला रहे.!!

एक जनसेवक को दुनिया में अदम क्या चाहिए,
चार छः चमचे रहें माइक रहे माला रहे.!!

(अदम गोंडवी)



एर इंडिया की विमान दुर्घटना में निर्वाण पद को जो प्राप्त हुए है उनको पूज्य मोरारिबापु की श्रद्धांजलि एवं इक्यावन लाख की सहाय !

विश्व की विमानी दुर्घटनाओं के इतिहास में यह करुण दुर्घटना कभी भूली नहीं जाएगी। पूज्य मोरारी बापू इस करुणान्तिका से बेहद व्यथित हुए एवं जिनकी भी मृत्यु हुई है उन सबके लिए हनुमान जी के चरणों में प्रार्थना की एवं उनके परिवार जनों के लिए सांत्वना व्यक्त की। ता : १३/०६/२०२५ को तलगाजरडा में एक बेहद सादगीपूर्ण भंडारे का आयोजन हुआ था जिस भंडारे को पूज्य मोरारी बापू ने दुर्घटना में मारे गए सभी व्यक्तियों को समर्पित किया था। पूज्य मोरारी बापू ने सबको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मृतकों के परिवार को 51 लाख रुपए की सहायता अर्पण की है। इस राशि को एयर इंडिया के अधिकारियों के पास से माहिती मंगवा कर श्री चित्रकूट धाम ट्रस्ट द्वारा पहुंचाई जाएगी। जिसके लिए वित्तीय सेवा लंडन में स्थित पूज्य मोरारी बापू की व्यासपीठ के श्रोता रमेश भाई सचदेव ने की है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

दुनियाभर में हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल विश्व अपना 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। बता दें, यह खास दिन हर साल लोगों के बीच योग के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। योगा डे के दिन जगह-जगह योग कैंप का आयोजन किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस दिन योग का हिस्सा बन सकें। योग करने से व्यक्ति को शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक दिक्कतों को भी दूर करने में मदद मिलती है। आइए जानते हैं क्या है योगा डे का इतिहास, महत्व और इस साल की थीम।

## क्यों खास है ये दिन, जानिए पूरा इतिहास, महत्व और थीम

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का इतिहास

देश में पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस साल 2015 में मनाया गया था, जिसका प्रस्ताव प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान रखा गया था। इस प्रस्ताव को 11 दिसंबर, 2014 को मंजूरी दी गई और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुना गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

योग की मदद से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखा जा सकता है। बता दें, 21 जून साल का सबसे लंबा दिन होता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए हर साल एक नई थीम रखी जाती है। इस साल भी पीएम मोदी ने योग रविवार को मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस 2025 की थीम की घोषणा कर दी है। जिसमें स्वास्थ्य की देखभाल करने के महत्व को बताया गया है। बता दें, इस साल पीएम मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। जिसका मतलब है कि जिस तरह पृथ्वी एक है, ठीक उसी तरह हमारा स्वास्थ्य भी एक ही है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है।

New Delhi

# दिल्ली में 10 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए... होटल में छिपकर रह रहे थे, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 10 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो वीजा अवधि खत्म होने के बाद अवैध रूप से भारत में रह रहे थे. दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशंस सेल और सेंट्रल जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने ये कार्रवाई की.**

दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशंस सेल ने 4 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को दिल्ली से हिरासत में लिया. ये सभी लोग वीजा की अवधि पूरी होने के बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहे थे. अलग-अलग होटलों में



रहकर काम करते थे. पुलिस ने FRRO (Foreigners Regional Registration Office) दिल्ली की मदद से इन सभी को बांग्लादेश डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इन पर विदेशी अधिनियम और वीजा उल्लंघन की धाराओं में कार्रवाई की गई.

दूसरी ओर सेंट्रल जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल और कमला मार्केट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने रेड कर 6 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा. पुलिस को खुफिया इनपुट मिलने के बाद सूचना को वेरीफाई किया गया और फिर ये कार्रवाई की गई. गिरफ्तार किए गए सभी के पास से बांग्लादेशी दस्तावेज बरामद हुए हैं, जो उनकी पहचान की पुष्टि करते हैं. पुलिस का कहना है कि ये सभी लोग दिल्ली में छोटे-मोटे काम कर गुजारा कर रहे थे.

Bihar

# विधवा पर ससुर और देवर की थी गलत नीयत, बिहार के किशनगंज में मां-बेटी हत्याकांड का पर्दाफाश

**किशनगंज, (एजेंसी) बिहार के किशनगंज में मां बेटी की हत्या कांड में घिनौनी सच्चाई सामने आई है। पोठिया थाना क्षेत्र के तैयबपुर के तेलीबस्ती गांव में बुधवार की रात 23 वर्षीय महिला अंसरी बेगम और उनकी डेढ़ वर्षीय बेटी राहत परवीन की हत्या की घटना का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। मामले में पुलिस ने गुरुवार की रात को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। किशनगंज एसपी सागर कुमार ने बताया कि मां-बेटी की हत्या की घटना का उद्भेदन घटना के 24 घंटे के अंदर किया गया है। इसमें उसके एक ससुर और देवर को पुलिस ने दबोच लिया है। इनकी विधवा पर बुरी नजर थी।**

कांड की गंभीरता को देखते हुए एसपी के अनुश्रवण में एसडीपीओ टू मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। आरोपी मृतका के ससुर फारुक आलम,




तेलीभीट्टा तैयबपुर निवासी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही मृतका के देवर एहसान अलम तेलीभीट्टा तैयबपुर निवासी को गिरफ्तार किया गया है। घटना स्थल से खून लगा दबिया भी बरामद किया गया है। आगे स्पीडी ट्रायल चलवाकर कर दोनों आरोपियों को सजा दिलवाई जाएगी।

तकनीकी साक्ष्य संकलन, बायोलॉजिकल साक्ष्य संकलन एवं अनुसंधान के क्रम में घटना का उद्भेदन किया गया। आत्महत्या का रूप देने की थी कोशिश दोनों आरोपी पिता पुत्र इतने शातिर थे कि घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी। इसके लिए घटना से पहले ही कमरे के वेंटिलेटर को तोड़ दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी दरवाजे को अंदर से बंद छोड़कर वेंटिलेटर और छत के ऊपरी भाग से बाहर निकल गए थे।

पिता-पुत्र ने मिलकर बनाई थी हत्या की योजनाः जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त हत्याकांड में मृतका के ससुर आरोपी फारुख आलम के द्वारा लंबे समय से अपनी बहु अंसरी बेगम पर गलत नीयत से दबाव डाला जा रहा था। उसके छोटे पुत्र आरोपी एहसान आलम के द्वारा अपने विधवा भाभी के साथ शादी के लिए दबाव दिया जा रहा था। जब मृतिका अनसरी बेगम ने उनके प्रस्तावों को बार-बार ठुकरा दिया। इसी कारण एहसान आलम ने अपने पिता फारुख आलम के साथ मिलकर अंसरी बेगम एवं उनकी पुत्री की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी।

खेल

# पहले टेस्ट के शुरुआती दिन भारतीय बल्लेबाजों ने दिखाया दम, यशस्वी-गिल के शतक; स्कोर 350 के पार

**लीड्स, (एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने स्टंप्स तक पहली पारी में तीन विकेट पर 359 रन बना लिए हैं। भारत की ओर से दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान शुभमन गिल 175 गेंदों पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 127 रन और उपकप्तान ऋषभ पंत 102 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए यह शानदार दिन रहा और यशस्वी जायसवाल तथा गिल ने शतक जड़े, जबकि पंत अर्धशतक लगाने में सफल रहे। पहले दिन इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने दो और ब्रायडन कार्स ने एक विकेट झटका।

इसी के साथ भारत ने विदेशी दौरे पर टेस्ट मैच के पहले दिन तीसरा बड़ा स्कोर बना लिया है।




इससे पहले भारत ने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट खोकर 372 रन बनाए थे। वहीं, 2017 में श्रीलंका के खिलाफ भारत का तीन विकेट पर 399 रन का स्कोर पहले दिन बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।

इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। राहुल और यशस्वी ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इनकी जोड़ी पहले मैच में हिट रही और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े। यशस्वी और राहुल के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी, लेकिन ब्रायडन कार्स ने केएल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पहला मैच खेल रहे साई सुदर्शन भी खाता खोले बिना आउट हो गए। 92 के स्कोर पर दो झटके लगने के बाद यशस्वी ने गिल के साथ पारी आगे बढ़ाई। यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी हुई जिसे बेन स्टोक्स ने यशस्वी को आउट कर तोड़ा।

इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए शतक जड़ा है। उन्होंने 144 गेंदों का सामना किया और अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक पूरा किया। इसी के साथ वह पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए जिसने इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट पारी में शतक जड़ा। उन्होंने शतक से पहले 96 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था। यशस्वी के आउट होने के बाद गिल ने उपकप्तान ऋषभ पंत के साथ पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान गिल ने शतक जड़ा और भारत का स्कोर 300 के पार पहुंचा दिया।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

# Who will replace Sundar Pichai as Google CEO? Here's what Indian-origin leader said

**NEW DEIHI, (Agency).** Google's CEO of Indian origin, Sundar Pichai, recently discussed the tech giant's future and offered insight into who might succeed him in the top role. Speaking at Bloomberg's Tech conference in San Francisco, Pichai was asked what kind of person he envisions taking over as Google's next CEO.



While Pichai did not offer a name, he emphasised the immense societal impact of Google's products and said that his successor would need to focus on ensuring that the technologies being built continue to benefit people. "Whoever is running it will have an extraordinary AI companion," he added, hinting at how deeply artificial intelligence will be embedded in the company's leadership and decision-making in the years ahead.

Pichai, who has led Google for over a decade, has not indicated any immediate plans to step down. His remarks, however, offered a glimpse into how he sees the company evolving and the kind of leadership it will require in the future.

He also addressed growing concerns around artificial intelligence replacing human workers. Pichai pushed back on the fear-driven narrative and instead spoke of AI's potential to assist and enhance productivity. "I just view this as making engineers dramatically more productive, getting a lot of the mundane aspects out of what they do," he said. He also shared that Google plans to continue expanding its engineering workforce through 2026.

## Gautam Adani's salary revealed: How his annual pay compares to other business honchos



NEW DEIHI, (Agency). Industrialist Gautam Adani received a total remuneration of ₹10.41 crore in the fiscal year that ended on March 31, 2025, higher than the previous fiscal but lower than that of his industry peers and, in some cases, even his executives.

The 62-year-old is the second richest man in India in terms of net worth, but that doesn't reflect in the salaries he draws. PTI reported, citing annual reports of the listed entities of the Adani group, that Gautam Adani drew salaries from just two out of the nine listed companies in his ports-to-energy conglomerate. The salary did go up 12 per cent compared to ₹9.26 crore he had earned in the previous 2023-24 financial year.

Gautam Adani's salary for 2024-25 came from two of the group's listed companies. The first one is the flagship firm Adani Enterprises Ltd (AEL), which paid him ₹2.26 crore salary and another ₹28 lakh in perquisites, allowances, and other benefits. The total earnings from AEL, at ₹2.54 crore, were higher than ₹2.46 crore in the previous fiscal year.



# सोनम ने मां के नाम कराया कंपनी का रजिस्ट्रेशन

## हवाला के कारण राज से बढ़ी नजदीकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिलांग में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड में रोज नए खुलासे हो रहे है। हत्याकांड के सबूत जुटाने शिलांग से आए अफसरों को यह भी पता चला है कि सोनम ने अपनी मां के नाम पर एक कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया था। मां के नाम का करंट अकाउंट भी बैंक में खोला गया था और सोनम उसे अकाउंट में पैसे का लेनदेन भी कर रही थी। सोनम की मां के अकाउंट में अभी भी छह लाख जमा है।**

राजा रघुवंशी के परिजनों का आरोप है कि सोनम की मां को भी राजा हत्याकांड की योजना की जानकारी थी लेकिन उन्होंने अपनी बेटी को बचाने के खातिर इस बात को छुपाए रखा।उधर सोनम की एक सहेली का नाम भी इस हत्याकांड में उछल रहा है। परिजनों का कहना है कि पुलिस को उसकी सहेली से भी पूछताछ करना चाहिए। सहेली को भी हत्याकांड



की जानकारी पता होगी। फिलहाल पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है हालांकि अभी सहेली से किसी तरह की पूछताछ नहीं की गई है। सोनम गोविंदा के प्लाईवुड के कारोबार में मदद करती थी लेकिन बाद में उसने हवाला का कारोबार भी शुरू कर दिया। इस कारोबार में राज पूरी ईमानदारी के साथ सोनम के काम कर रहा था और इससे सोनम का फायदा भी हो रहा था। इस कारोबार के चलते ही पांच माह में पहले राज और सोनम करीब आए थे। सोनम ने स्कीम नंबर 54 में एक नया दफ्तर भी दो माह पहले खोला था। वहां सात कर्मचारियों का स्टाफ भी रखा था।जिसमें ज्यादातर युवतियां थी। आसपास के लोगों को बताया गया था कि दफ्तर में शेयर से जुड़ा काम होता है लेकिन यहां पर हवाला का कारोबार चल रहा था।शिलांग की पुलिस ने इसकी भी जांच की है। सोनम इंदौर से बुर्का पहन कर कार से उत्तर प्रदेश के लिए भागी थी। कार का चालक अपने साथ एक अन्य दोस्त को भी ले गया था। सोनम ने गाजीपुर जाने से पहले तीन-चार बार कार रुकवाई थी और कुछ कॉल किए थे। ड्रायवर उसे गाजीपुर बाइपास पर छोड़कर चले गया था।

## युवक पर नुकीली वस्तु से हमला, इंदौर के लिए रेफर

इंदौर। पीथमपुर में शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे एक युवक पर दबंग ने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। घटना यूनिवर्सल टाउनशिप चौराहे की है। आरोपी ने युवक पर नुकीली वस्तु से तीन से अधिक वार कर दिए। जिससे उसके पेट, हाथ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने घायल को तत्काल नजदीकी प्राइवेट अस्पताल भिजवाया। जहां से गंभीर हालत में डॉक्टरों ने इंदौर रेफर कर दिया है। सोहिल खान निवासी इंडस टाउन कॉलोनी का आयुष नामक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी से नाराज होकर आरोपी आयुष ने सोहिल पर नुकीली वस्तु मारकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कर्ज में फंसा तो बन गया लुटेरा


**इंदौर।** तिलक नगर थाना पुलिस ने मोबाइल लूट के एक मामले में एक युवक को पकड़ा है। आरोपी के पास से एक दर्जन से ज्यादा लूटे और चोरी किए गए मोबाइल मिले हैं। 6 जून को करिश्मा गुर्जर के साथ मोबाइल लूट हुई थी। पुलिस ने जांच के बाद रामूखेड़ी निवासी अखिलेश रावत को गिरफ्तार किया।

# इंदौर में कोरोना के 5 नए केस मिले

◆ सभी मरीज होम आइसोलेशन में, ट्रेवल हिस्ट्री खंगाली, अब तक 137 मरीज, एक्टिव केस घटकर 61

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शुक्रवार को 5 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। ये सभी मरीज इंदौर के रहने वाले हैं। इन्हें मिलाकर अब तक 145 से ज्यादा कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें से 137 इंदौर के हैं। वर्तमान में 61 एक्टिव केस हैं।**



सभी नए मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इन सभी मरीजों में हल्के लक्षण हैं। इसके साथ ही इनकी ट्रैवल हिस्ट्री निकाली जा रही है। साथ ही उनके संपर्क में आए लोगों के भी सैंपल लिए जाएंगे। मरीजों के सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भोपाल लैब भेजे जाएंगे। इस साल इंदौर के 137 मरीजों में से 75 को डिस्चार्ज किया जा चुका है जबकि 61 होम आइसोलेट हैं। इंदौर में तीन महिलाओं की कोरोना से मौत हो चुकी है। इनमें से एक महिला इंदौर, एक खरगोन और एक रतलाम की रहने वाली थी। सभी को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं।

### इन सरकारी अस्पतालों में RTPCR की होती है जांच

सरकारी स्तर पर एमवाय अस्पताल और एमआरटीबी अस्पताल में कोरोना की जांच की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि जिन लोगों को सर्दी-खांसी जैसे लक्षण हैं, इन अस्पतालों में आरटी-पीसीआर जांच करवा सकते हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक